वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 11 दिसंबर 2019

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

नागरिकता संशोधन विधेयक प्रस्तुत करना अभिनंदनीय : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, संसद के निम्न सदन लोकसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक को पारित करने तथा उच्च सदन में नागरिकता संशोधन विधेयक को चर्चा हेतु लाने के इस महत्त्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित कदम का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है। यह महत्वपूर्ण विधेयक निश्चित रूप से धार्मिक पहचान के आधार पर पाकिस्तान, अफगानिस्तान तथा बांग्लादेश में उत्पीड़न का शिकार हुए अल्पसंख्यकों की पीड़ाओं को समाप्त करेगा।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "भारत सरकार द्वारा पड़ोसी देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान तथा बांग्लादेश के अल्पसंख्यक समुदाय के शरणार्थियों की पीड़ा को समझकर, नागरिकता संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण कदम के माध्यम से उन्हें राहत देने के कार्य का अभाविप हार्दिक अभिनंदन करती है। भारतीयता के विचार में शरणार्थी की सहायता की एक लंबी परंपरा रही है, जिसे इस सरकार ने आगे बढ़ाने का कार्य किया है। कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों द्वारा इस संदर्भ में लगातार भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अभाविप छात्र समुदाय से आह्वान करती है कि इस विधेयक को लेकर अपने आसपास प्रसारित किए जा रहे झूठ को उद्घाटित कर, समाज में फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करें।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)